>

Title : Need to revive and restore the dealership and distributorship allotted to Dalits and Adivasis by the Ministry of Petroleum.

**श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर):** आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, पैट्रोलियम मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति की बेरोजगारी दूर करने के लिए डीलरशिप और डिस्ट्रीब्यूटरशिप दी जाती है, लेकिन पूरे भारत में दलित और आदिवासियों को जो डीलरशिप और डिस्ट्रीब्यूटरशिप दी गई है, उसमें पूरे भारत में 90 परसेंट डीलरशिप और डिस्ट्रीब्यूटरशिप अफसरशाही के कारण बन्द पड़ी हुई है। बड़ी मुश्किल से गरीब वर्ग के लोगों को वह डीलरशिप और डिस्ट्रीब्यूटरशिप आबंटित होती है, लेकिन अफसरशाही के चलते सारे के सारे पम्प बन्द कर दिये गये हैं।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि दलित और आदिवासी लोगों के जितने पैट्रोल पम्प हैं, पूरे भारतवर्ष में उसकी जांच कराई जाये कि किस कारण से उनको बन्द किया गया है और जो अफसर, जो पदाधिकारी बिना मतलब तांक-झांक करके, उन पर दबाव देकर, परेशान करके उनको जो बन्द किया गया है, उसमें भी कार्रवाई की जाये।

मैं इसका ज्वलन्त उदाहरण देना चाहता हूं। बिहार राज्य में नालन्दा जिले में हिल्सा में एक भारत गैस एजेंसी है, उसके डीलर की हमने स्वयं जब फोन से बात की तो एक अफसर ने कहा के एक दूसरे आदमी को उसमें पार्टनरशिप में लिया जाये और पार्टनरशिप में रख कर उसको दे दिया जाये। जब पदाधिकारी किसी डीलर को कह दे कि पार्टनरशिप में रखकर उसको चलाया जाये तो यह दलित और आदिवासियों पर अत्याचार है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि जो डीलर सलैक्शन बोर्ड था, वह डीलर सलैक्शन बोर्ड जो पिछली मोरारजी भाई की सरकार थी, उसमें वह डीलर सलैक्शन बोर्ड खत्म कर दिया गया। उस डीलर सलैक्शन बोर्ड को पुनः बनाया जाये और जो हमारे आदरणीय माननीय सांसदगण हैं, उनकी उसमें संलिप्तता हो, उसमें उन्हें सदस्य नियुक्त किया जाये, तभी जाकर अफसरशाही कम होगी।

हमारे प्रजातंत्र में जो जनता सांसदों को जिताकर भेजती है, उन सांसदों की उसमें कोई सहभागिता नहीं है, इसलिए सांसदों की उसमें सहभागिता होनी चाहिए, तब डीलरशिप का एपाइंटमेंट होना चाहिए। सलैक्शन बोर्ड में सांसदों का नाम रहना चाहिए और सांसदों को उसमें अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए और उसी के अनुसार डीलर्स की सलैक्शन बोर्ड द्वारा नियुक्ति की जाये, जिससे अफसरों पर उसका प्रभाव पड़े और अफसरों पर कमांड रहे ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** अब इनकी बात रिकार्ड पर नहीं जायेगी।

*(Interruptions)â€¦.**